## क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन 26 अक्टूबर को

**बड़वानी।** इंदौर संभाग क्रिकेट संगठन द्वारा खंडवा में आयोजित अंडर 23 वर्ग के क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बड़वानी जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 23 वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन 26 अक्टूबर को बड़वानी में शासकीय कॉलेज के मैदान पर सुबह 10 बजे से किया जाएगा। चयन में वे ही खिलाड़ी हिस्सा ले पाएंगे जिनका जन्म दिनांक 1 सितम्बर 2002 के बाद का होगा। जिले की सभी तहसीलों के खिलाड़ी इसमें भाग ले सकेंगे। चयन के पूर्व खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। बड़वानी जिले की उक्त चयनित होने वाली टीम को खंडवा में अपना पहला मैच अलीराजपुर जिले की क्रिकेट टीम से 29 अक्टूबर को खेलना होगा। चयन के संबंध में जिला संगठन के मोबाईल नंबर 97550-63055 पर संपर्क कर सकते हैं। उक्त चयन के समय जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश गोईवाला, उपाध्यक्ष कालीचरन तिवारी, सत्यनारायण गुप्ता, सचिव श्याम एकड़ी, चंद्रशेखर मराठे एवं आकाश भाबोर उपस्थित रहेंगे।

## अब किसान माइक्रो एटीएम से भी कर सकते हैं खाद का क्रय

**बड़वानी।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, खरगोन जिला बड़वानी से सबंधित 54 पैक्स के किसानों को माइक्रो एटीएम कार्ड (केसीसी कार्ड) जारी किए जा रहे हैं। जो किसान संस्था से वस्तु रूप में रासायनिक खाद व बीज प्राप्त करते समय उपयोग करता है। किसान खाद व बीज प्राप्त करते समय कार्ड संस्था में रखे माइक्रो एटीएम से कार्ड स्वाइप कर खाद व बीज की राशि प्रविष्ट करने पर राशि किसानों के बैंक स्थित डीएमआर खाते नामे हो जाते हैं। किसान के डीएमआर खाते राशि नामे होने के साथ संस्था बैंक द्वारा संस्था माइक्रो एटीएम से मेप्ड करंट खातें में राशि जमा हो जाती हैं। बैंक द्वारा माइक्रो एटीएम से मेप्ड करंट खाते राशि नामे कर संस्था के रासायनिक खाद केश क्रेडिट खाते में जमा कर दी जाती है, जिससे संस्था को रासायनिक खाद केश क्रेडिट खाते पर लगने वाले ब्याज की बचत होती हैं।

# मंडियों में हो आवश्यक व्यवस्थाएं

### कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई बैठक, कलेक्टर ने अधिकारियों को किया निर्देशित

**बड़वानी।** भावांतर योजना के अंतर्गत 24 अक्टूबर से जिले में भी सोयाबीन की खरीदी का कार्य प्रारंभ हो रहा है। साथ ही जिले में अन्य फसलें भी विक्रय के लिए मण्डी में आ रही है। मंडियों में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से हो, यह मंडी सचिव एवं भारसाधक अधिकारी सुनिश्चित करे। कलेक्टर जयति सिंह ने उक्त निर्देश गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान दिए। कलेक्टर द्वारा जिले में उर्वरक की स्थिति की समीक्षा, कपास के पंजीयन एवं खरीदी की समीक्षा तथा भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी की समीक्षा की गई।

### बैठक में यह रहे उपस्थित

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर केके मालवीय, संयुक्त कलेक्टर सोहन कनाश, एसडीएम भूपेन्द्र रावत, उप संचालक कृषि, मार्कफेड के जिला अधिकारी, सहायक आयुक्त सहकारिता सुरेश सांवले, मंडी सचिव सुमन बड़ोले सहित कृषि, सहकारिता एवं मंडी के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

### कलेक्टर ने किया अंजड़ मंडी का निरीक्षण

वहीं दूसरी ओर कलेक्टर जयति सिंह द्वारा गुरूवार को जिले के अंजड़ स्थित मंडी का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने मंडी सचिव को निर्देशित किया कि 24 अक्टूबर से भावांतर योजना में सोयाबीन की खरीदी का कार्य प्रारंभ हो रहा है। किसानों को कोई परेशानी नहीं आए। मंडी में प्रवेश पर्ची काउण्टर, हैल्प डेस्क विधिवत संचालित हो। जहां से किसानों को सोयाबीन के विक्रय के संबंध में जानकारी मिल सके। साथ ही निलामी के समय एएसआई उपस्थित होकर विधिवत निलामी प्रारंभ कराए।

### निलामी प्रक्रिया में न आए परेशानी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि मंडी की पीओएस मशीने ठीक तरह से संचालित रहे। साथ ही मंडी में पदस्थ अमले की नामजद ड्यूटी लगाई जाए। जिससे निलामी प्रक्रिया में कोई परेशानी न आए।

**कलेक्टर ने की**

- बैठक में कलेक्टर द्वारा कई कार्यों की समीक्षा की
- मंडी की पीओएस मशीनें ठीक तरह से हो संचालित।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस की बड़ी सफलता

**बड़वानी, (नवभारत)।** एसपी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पाटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि 16 अक्टूबर को फरियादी ने पाटी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए एसपी जगदीश डावर के निर्देशों के पालन में एएसपी धीरज बब्बर व एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में पाटी थाना प्रभारी उप निरीक्षक रामदास यादव के नेतृत्व में टीम गठित की।

टीम ने निरंतर प्रयास, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सक्रियता से प्राप्त सूचना पर मात्र 8 दिनों में नाबालिक बालिका को पोरबंदर गुजरात स्थित उसके मामा के घर से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर बालिका को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों के चेहरों पर खुशी व राहत की मुस्कान लौट आई। कार्रवाई में उनि रामदास यादव थाना प्रभारी पाटी, प्रआर विजय चौहान, प्रआर रितेश वाघेला, आर निर्मल चौहान, आर अनिल चौहान की भूमिका रही।

# अन्नकूट प्रसादी के हुए आयोजन

**बड़वानी।** जिलेभर में दिपावली के अवसर पर पड़वा के दिन अन्नकूट के आयोजन सम्पन्न हुए। जिनमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। इसी क्रम में अंजड़ में अहीर यादव और पाटीदार समाज ने अन्नकूट का आयोजन किया। जिसमें अंजड़ एवं आसपास के क्षेत्रों के समाजजनों ने महाप्रसादी ग्रहण की। समाजजनों ने बताया कि यह आयोजन कई वर्षों से चला आ रहा है। वहीं इस अवसर पर घरों में गौवर्धन व गौ माता की पूजा-अर्चना की जाती है।

वहीं पाटीदार समाज द्वारा किए गए आयोजन में 4 हजार से अधिक लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। नगर स्थित समाज के लक्ष्मी नारायण मंदिर और मां अंबिका मंदिर में महाआरती की गई। वहीं शाम को अन्नपूर्णा धर्मशाला में अन्नकूट प्रसादी वितरित की।

## अनुसूचित जनजातीय के अध्यक्ष का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजातीय के अध्यक्ष अंतरसिंह आर्य 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे सेंधवा से बड़वानी के सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। होटल जलसा में रात्रि 7 बजे दिपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर रात्रि 8 बजे सेंधवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

**एक नजर में** — हजारो श्रद्धालुओ ने ग्रहण की प्रसादी

# श्रीराम मंदिर और कृष्ण मंदिर में हुआ अन्नकूट

**पानसेमल. नगर के राम मंदिर और कृष्ण मंदिर में अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। राम मंदिर के पुजारी सुभाष शुक्ला एवं श्रद्धालुओं ने बताया कि सभी के सहयोग से अन्नकूट उत्सव मनाया गया।**

दीपावली पर्व पर अन्नकूट मनाया जाता हैं। प्रसादी के रूप में पूड़ी, खिचड़ा, कड़ी, सब्जी, भजिए बनाए गए थे। कृष्ण मंदिर के पुजारी गोपाल जोशी ने बताया कि कृष्ण मंदिर में कड़ी और खिचड़ी के साथ ही 56 भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ लिया। सुबह से प्रसादी बनाने के कार्य में जुट जाते हैं, जिसके बाद शाम को पूजन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। जो रात्रि 9 बजे तक जारी रहा।

### बनाई प्रसादी

प्रकाश जोशी ने बताया कि नए मूंग, चवली एवं सब्जियों को मिलाकर प्रसादी बनाई गई।

**एक नजर में**

## अस्पताल की अनियमिताएं जांचने भोपाल से टीम आई

**महू.** यहां के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल में व्याप्त अनियमितताएं जांचने के लिए बुधवार को भोपाल से सरकारी अधिकारियों की टीम आई. इस मौके पर स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने उनसे भेंट कर अस्पताल की अनियमितताएं और समस्याएं दूर करने की मांग की. इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेश जोशी, उपाध्यक्ष मुन्नालाल पहलवान एवं ब्लॉक कांग्रेस नेत्री प्रेमलता चौहान ने अधिकारियों से शिकायत की कि अस्पताल में महिलाओं की सोनोग्राफी की मशीन होते हुए भी महिला डॉक्टर जांचें बाहर से करवाती हैं. इस पर उनका मोटा कमीशन बनता है. विगत 10 वर्षों से यहां पर महिलाओं के प्रसूति के सीजेरियन ऑपरेशन ही नहीं हुए. सारे केस इंदौर या प्राइवेट हॉस्पिटल में भेज दिए जाते हैं. यहां हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तो आते ही नहीं हैं. वर्तमान में हॉस्पिटल में 30 डॉक्टर सेवारत हैं, उनमें से मुश्किल से 10 डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं रहते. कांग्रेस नेताओं ने अधिकारियों से व्यवस्था सुधारने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि इस ओर तत्काल ध्यान नहीं दिया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता पुन: तीव्र आंदोलन करेंगे.

### सिगरेट पीने से रोका तो किया विवाद

**इंदौर.** तेजाजी नगर क्षेत्र के ग्वाला कॉलोनी में सुबह सिगरेट को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हो गया. 25 वर्षीय चेतन ठाकुर अपने दोस्त श्याम के साथ पावर हाउस गेट के सामने सिगरेट पी रहा था, तभी मोहल्ले का दीपक उर्फ बच्चा तंवर वहां पहुंचा और श्याम से सिगरेट ले ली. इस बात पर चेतन ने आपत्ति जताई तो दीपक ने गालियां देते हुए उसके साथ हाथापाई कर दी, घटना में चेतन को चोट आई. पुलिस ने आरोपी दीपक उर्फ बच्चा के खिलाफ केस दर्ज किया है.

### प्रेमिका ने खाया सल्फास, इलाज के दौरान हुई मौत

**इंदौर.** मल्हारगंज पुलिस ने एक युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में हर्ष पांडे के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. हर्ष ने अपनी दोस्त कृति पहारिया को उसके एक अन्य दोस्त के साथ जामगेट घूमने जाने की बात पर लगातार फोन कर परेशान किया. आरोप है कि वह उसे बार-बार कॉल कर ताने देता और झगड़ा करता रहा. हर्ष की प्रताड़ना से व्यथित होकर कृति ने सल्फास खा लिया था. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

### चाकू सहित युवक गिरफ्तार

**इंदौर.** एरोड्रम पुलिस ने नगीन नगर पुलिया के पास आम रोड से एक युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा. कमताड़ा जिला हरदा निवासी 25 वर्षीय अनिल जाटव के पास से लोहे का तेजधार खटके वाला चाकू बरामद किया. आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत केस दर्ज किया है.

### जिला बदर बदमाश को पकड़ा

**इंदौर.** राजेंद्र नगर पुलिस ने देर रात जिला बदर युवक को प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमते पकड़ा. 22 वर्षीय साहिल सावे निवासी राजेंद्र नगर, हाल मुकाम सुखनिवास, जिला बदर होने के बावजूद अपने क्षेत्र में घूम रहा था. उसे पकड़कर कार्रवाई की गई.

### धारदार गुप्ती सहित युवक गिरफ्तार

**इंदौर.** खजराना पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा. विनोबा नगर निवासी 21 वर्षीय समीर शाह स्टार चौराहा, स्कीम नंबर 134 के पास संदिग्ध हालत में घूम रहा था. तलाशी लेने पर उसके पास लोहे की नुकीली धारदार गुप्ती और छुरी बरामद हुई. पुलिस ने हथियार जप्त कर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

### दो युवकों ने लगाई बाइक में आग

**इंदौर.** तिलकनगर क्षेत्र में एक युवक की बाइक में दो बदमाशों ने आग लगा दी. संविद नगर निवासी राहुल वर्मा की होंडा शाइन एमपी- 09 वीटी 4426 और एक अन्य बाइक अचानक जलने लगी.

# लसूड़िया थाना क्षेत्र में 40 बदमाशों ने भरी हाजिरी

- 8 के डोजियर भरे, 22 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई
- आबकारी और आयुध एक्ट के 9 केस दर्ज

इंदौर. त्योहारों के दौरान शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी है. पुलिस आयुक्त के निर्देश पर लसूड़िया पुलिस ने क्षेत्र के सक्रिय गुंडों और चाकूबाजों के खिलाफ अभियान चलाकर 40 से अधिक बदमाशों को राउंडअप किया. इस दौरान जहां 18 बदमाशों से डोजियर भरवाए गए, वहीं 22 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की. जबकि, 9 अपराधियों के खिलाफ आयुध एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए हैं.

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि इस कार्रवाई में 18 बदमाशों के डोजियर भरकर उन्हें कड़ी हिदायत दी गई, जबकि 22 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर प्रकरण सहायक पुलिस आयुक्त न्यायालय भेजे गए, इसके अलावा पुलिस ने 7 प्रकरण आबकारी एक्ट और 2 प्रकरण आयुध अधिनियम के तहत दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है. पुलिस का कहना है कि दीपावली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए थाना क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ा दी गई है और गुंडा-बदमाशों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है.

# बिना हेलमेट बाइक पर स्टंट करना युवती को पड़ा भारी

- पुलिस ने युवती के बनाए दो चालान
- दिए वीडियो हटाने के भी निर्देश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में बिना हेलमेट बाइक पर स्टंट कर रही युवती की पुलिस ने पहचान कर कार्रवाई की है. एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच के निर्देश पर युवती को बुधवार को पुलिस कार्यालय बुलाया गया, जहां उसके खिलाफ दो चालान बनाए और मौके पर ही जुर्माना भरवाया. साथ ही युवती को आगे से इस तरह की हरकत न करने की कड़ी चेतावनी दी गई.

मंगलवार को सामने आए वीडियो में युवती बाइक पर लापरवाही से स्टंट करती दिखाई दे रही थी. हेलमेट न पहनने और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर पुलिस ने वीडियो की जांच की और सोशल मीडिया से उसकी पहचान की. इसके बाद युवती को नोटिस जारी कर क्राईम ब्रांच कार्यालय बुलाया. एडिशनल डीसीपी क्राईम दंडोतिया ने बताया कि युवती पर हेलमेट नहीं पहनने और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के मामलों में चालानी कार्रवाई की गई है. इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वीडियो डिलीट करवाया गया. दंडोतिया ने कहा कि इस तरह के वीडियो न केवल सड़क हादसों का खतरा बढ़ाते हैं, बल्कि आम लोगों को भी गलत प्रेरणा देते हैं. ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

# एमआईजी और द्वारकापुरी हत्याकांड के 9 आरोपी दबोचे

इंदौर. दीपावली पर हुए दो अलग-अलग हत्याकांडों ने शहर को झकझोर दिया. एमआईजी और द्वारकापुरी थाना क्षेत्रों में हुई इन दोनों घटनाओं में दो युवकों की जान चली गई. दोनों मामलों में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए 9 आरोपियों को पकड़ा है और उनसे पूछताछ कर रही है, इन आरोपियों में कई थाने के निगरानी बदमाश भी शामिल हैं.

एमआईजी थाना क्षेत्र में हुई 21 वर्षीय क्षितिज निवासी स्वर्णबाग कॉलोनी की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अभिषेक उर्फ कालू उर्फ चाकू सुंदर नगर, करण उर्फ रोक आयोध्यापुरी और उनके दो साथियों को पकड़ा है. आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि हत्या वर्चस्व की पुरानी रंजिश के चलते की गई. एक दिन पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था. उसी रंजिश के चलते आरोपियों ने घर से निकलते ही क्षितिज पर हमला कर उसकी हत्या कर दी. गिरफ्तार कालू और करण दोनों बदमाश निगरानी सूची में शामिल हैं. कुछ दिन पहले ही पुलिस ने उनसे डोजियर भरवाकर परेड करवाई थी, जिसमें उन्होंने अपराध न करने की शपथ ली थी. इसके बावजूद दोनों ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दे दिया.

दूसरी ओर द्वारकापुरी क्षेत्र की दिग्विजय नगर मल्टी में गोलीबारी और चाकूबाजी हुई थी, इस वारदात में महेश उर्फ बाबू की मौत हो गई, जबकि उसका साथी मंसूर घायल हुआ. पुलिस जांच में सामने आया कि विवाद दोनों पक्षों के बीच पुराने आपसी झगड़े को लेकर हुआ. महेश की ओर से हुए हमले में रमेश और उसकी पत्नी जुल्लू बाई घायल हो गए थे. इसका बदला लेने के लिए रमेश के बेटे मिथुन ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोली चला दी.

डीसीपी आनंद कल्यादगी ने बताया कि पुलिस ने देर रात तक कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को हिरासत में लिया है. जबकि घायल मंसूर को भी आरोपी बनाया है. दोनों पक्षों के लोगों को अलग-अलग थानों में रखकर पूछताछ की जा रही है. दोनों मामलों में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश और वर्चस्व की लड़ाई मुख्य कारण सामने आया है. शहर में लगातार हो रही आपसी गैंगवॉर जैसी वारदातों के बाद अब पुलिस ने निगरानी बदमाशों की सघन मॉनिटरिंग और डोजियर की पुन: समीक्षा शुरू कर दी है.

# रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म डिस्प्ले ने दी गलत जानकारी

- यात्रियों में उत्पन्न हुई भ्रम और असमंजस की स्थिति
- सूचना मिलते ही डीआरएम ने दिए कार्रवाई के आदेश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को ट्रेन के कोच नंबरों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई. प्लेटफॉर्म डिस्प्ले पर गलत जानकारी दिखाने की शिकायत जैसे ही डीआरएम मिली तो उन्होंने तुरंत जांच बैठाई, और कार्रवाई के आदेश जारी किए.

इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस की मंगलवार शाम 7.30 बजे इंदौर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म डिस्प्ले पर कोच नंबरों की जानकारी पूरी तरह गलत दिखाई दी, जहां असल में बी 1 कोच खड़ा था, वहां डिस्प्ले पर एस 4 दिखाया जा रहा था. इसी तरह बाकी कोचों की जानकारी भी वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खा रही थी. इस गड़बड़ी से यात्रियों में भ्रम और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई थी. स्टेशन पर मौजूद एक यात्री ने इस मामले की शिकायत ट्विटर पर कर भोपाल डीआरएम को टैग किया. जानकारी रतलाम डीआरएम तक पहुंची और उन्होंने कमर्शियल विभाग को मामले की जांच सौंप दी. कमर्शियल विभाग ने जांच रिपोर्ट तैयार करने के आदेश दिए हैं. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में ऐसी गड़बड़ी रोकने के लिए प्लेटफॉर्म डिस्प्ले सिस्टम की समीक्षा की जाएगी, ताकि यात्रियों को सही और सटीक जानकारी मिलती रहे.

**समस्या** — पेट संबंधी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे वार्ड 64 के रहवासी

# जर्जर नर्मदा पाइप लाईन से घरों में पहुंच रहा सीवरेज का पानी

इंदौर. जन स्वास्थ्य को लेकर जहां राज्य एवं केंद्र सरकार विभिन्न योजनाएं चलाकर दवाइयों और स्वास्थ्य सुरक्षा पर करोड़ों खर्च कर रही हैं, वहीं नगर निगम लोगों को दूषित जल पिलाकर सरकार के इस प्रयास पर पानी फेर रही है. शिकायत के बाद भी निगम के जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं. वहीं, यहां के रहवासी टायफाइट, ज्वाइन्डिस और पेट संबंधी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं.

दूषित पानी की समस्या यूं तो शहर के अनेक क्षेत्रों में है, लेकिन वार्ड 64 के रहवासी इससे ज्यादा ही पीड़ित हैं. यह वार्ड तीन ईमली क्षेत्र में आता है. वार्ड के अंतर्गत आने वाला चितावद क्षेत्र मजदूर वर्ग एवं छोटी-मोटी नौकरी करने वालों से भरा पड़ा है. यहां के रहवासियों के अनुसार, वे दूषित पानी पीने को मजबूर हैं. क्षेत्र में पानी की आपूर्ति और गुणवत्ता को लेकर कई चौंकाने वाली बातें सामने आई. रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में नर्मदा पानी की लाईन तो कई वर्षों से है, लेकिन कुछ वर्षों से नलों से दूषित पानी ही लोगों को मिल रहा है. इसके सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर बहुत ही ज्यादा बुरा प्रभाव पड़ रहा है. रहवासियों द्वारा इस समस्या को लेकर पूर्व में जब शिकायत दर्ज करवाई गई थी,

**यह बोले रहवासी . . .**

नलों से पानी गंदा तो आ रहा है, पर क्या करें नर्मदा लाईन से जो भी पानी आता है, मजबूरन वही पीना पड़ता है. अब काम पर जाएं या दूसरे क्षेत्र में रोज पानी के लिए जाएं.

- सोनू बोरासी

जब चेंबर फुल हो जाते हैं तो नलों से और भी ज्यादा गंदा पानी आने लगता है. इसके अलावा दूसरा विकल्प ही नहीं है. इसलिए पानी में दवा या फिटकरी डालकर पीने में उपयोग करते हैं.

- नीता पिपलोदिया

नलों से चलते पानी में कभी भी चेंबर की गंदगी मिक्स हो जाती है. फिर पूरी टंकी खाली करना पड़ता है. दूषित पानी से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा. तरह-तरह की बीमारियां हो रही हैं. मैं खुद भी कई दिनों से बीमार हूं.

- अनंतनारायण पंड्या